बरेली, बुधवार
24 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 06, TOP

# बड़े मंगल पर SRMS ट्रस्ट ने किया भंडारा



ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर एसआरएमएस ट्रस्ट ने किया भंडारा

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (23 June):** प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से ज्येष्ठ मास के सभी बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया. भंडारे का आयोजन बरेली स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर, लखनऊ के अर्जुनगंज स्थित देवग्रीन लान, गोमतीनगर स्थित एफआईएमसी में हुआ. संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने ज्येष्ठ माह के आठवें एवं अंतिम बड़े मंगल पर लखनऊ के अर्जुन गंज स्थित देवग्रीन लान में, डायरेक्टर अंबिका मूर्ति ने एफआईएमसी गोमतीनगर और आदित्य मूर्ति ने बरेली स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भंडारे में श्रद्धालुओं को शर्बत, समोसा, पैटीज, बूंदी, खस्ता, केलों का वितरण किया. इस दौरान देविशा मूर्ति, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा.एमएस बुटोला रहे.